पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस नोट

दिनांक 02.12.2024

जोन पूर्वी/ थाना गोमतीनगर

- **नाबालिक से दुष्कर्म करने के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए 01 नफर बाल अपचारी को संरक्षण मे लिया गया।**

संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 09.11.2024 को थाना स्थानीय पर आगन्तुका के लिखित प्रार्थना पत्र जिसमे प्रतिवादीगण द्वारा प्रार्थिनी की नाबालिक पुत्री के साथ निर्वस्त्र करने के आशय से जबरदस्ती करने व दुर्व्यवहार करने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय में मु0अ0सं0 0557/2024 धारा-76 बीएनएस व 3(2)(5) SC/ST ACT व 5g/6 पाक्सो एक्ट थाना गोमतीनगर कमिश्नरेट लखनऊ पंजीकृत किया गया विवेचना श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त महोदय गोमतीनगर को सुपुर्द हुयी। दौराने विवेचना व पीडिता के बयान के आधार पर मुकदमें में धारा 70(2)/127(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु तलाश पतारसी सुरागरसी की जा रही थी कि मुखबिर की सूचना पर दिनांक 02.12.2024 को रेलवे स्टेशन गोमतीनगर से अभियुक्त 01. सतीश त्रिवेदी पुत्र स्व0 शिवराम त्रिवेदी नि0 ग्रा0 जाम मुबारकपुर थाना कोतवाली लखीमपुरखीरी जनपद लखीमपुर खीरी 25.वर्ष व एक बालअपचारी को संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त/संरक्षण में लिये गये बाल अपचारी के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त का नाम व पता-

01-सतीश त्रिवेदी पुत्र स्व0 शिवराम त्रिवेदी नि0 ग्रा0 जाम मुबारकपुर थाना कोतवाली लखीमपुरखीरी जनपद लखीमपुरखीरी 25 वर्ष

02- 01 बाल अपचारी पुलिस संरक्षण में लिया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1-श्री राजेश कुमार त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक थाना गोमतीनगर लखनऊ

2-उ0नि0 श्री मारुफ आलम थाना गोमतीनगर लखनऊ

3. का0 सतीश खरवार थाना गोमतीनगर लखनऊ

पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस नोट
दिनांक 02.12.2024

जोन पूर्वी/ थाना आशियाना।

- **पुलिस और बच्चों की दोस्ती का अनोखा प्रयास: आशियाना थाने में छोटे बच्चों का स्वागत**

लखनऊ: बच्चों के मन से पुलिस का डर दूर करने और उनकी नजरों में पुलिस की सकारात्मक छवि बनाने के उद्देश्य से आज थाना आशियाना, लखनऊ में एक अनूठा आयोजन हुआ। मकुन्स प्ले स्कूल, नागेश्वर मंदिर, सेक्टर एम, आशियाना के छोटे-छोटे बच्चों को पुलिस से परिचित कराने के लिए स्कूल के शिक्षकों द्वारा थाना विजिट का आयोजन किया गया।

थाने पहुंचने पर प्र0नि0 छत्रपाल सिंह ने बच्चों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने बच्चों को अपने कार्यालय में बैठाकर बड़े ही सरल और सौम्य तरीके से बताया कि पुलिस समाज की सेवा के लिए होती है। उन्होंने बच्चों को समझाया कि पुलिस से डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि किसी भी परेशानी में पुलिस से मदद मांगनी चाहिए।

थाना परिसर में बच्चों को घुमाने और पुलिस की भूमिका समझाने के बाद, प्र0नि0 ने सभी बच्चों को चॉकलेट और मिठाई बांटी। बच्चों ने बड़े ही उत्साह और मुस्कान के साथ इसे स्वीकार किया। इस दौरान बच्चों और स्कूल के स्टाफ ने प्र0नि0 महोदय का आभार व्यक्त किया। यह प्रयास न केवल बच्चों को पुलिस के करीब लाया, बल्कि उनके मन में पुलिस के प्रति डर को दूर करने का काम भी किया।

पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस नोट

दिनांक 02.12.2024

जोन मध्य/ थाना अमीनाबाद

- **01 नफर अभियुक्त /वारण्टी को किया गया गिरफ्तार।**

संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 01.12.2024 को थाना अमीनाबाद लखनऊ पुलिस टीम द्वारा उच्चाधिकारी गणों के आदेश/निर्देशो के अनुपालन में वांछित वारण्टी/NBW की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मा0 न्यायालय ACJM–AP लखनऊ द्वारा अ0सं0 51/2023 धारा-498A/323/504/506 IPC व ¾ DP ACT थाना अमीनाबाद लखनऊ से सम्बन्धित अभियुक्त अब्दुल सलाम पुत्र स्व0 मो0 इस्लाम उम्र करीब 39 वर्ष नि0 तृतीय तल 100/122/3 गन्ने वाली गली थाना अमीनाबाद लखनऊ के विरुद्ध जारी NBW के निष्पादन हेतु उ0नि0 राजेश कुमार मय हमराह द्वारा अ0सं0 उपरोक्त से सम्बन्धित वारण्टी अब्दुल सलाम पुत्र स्व0 मो0 इस्लाम उम्र करीब 39 वर्ष नि0 तृतीय तल 100/122/3 गन्ने वाली गली थाना अमीनाबाद लखनऊ को दिनांक 01.12.2024 को उसके घर के बाहर से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –

01-अब्दुल सलाम पुत्र स्व0 मो0 इस्लाम नि0 तृतीय तल 100/122/3 गन्ने वाली गली थाना अमीनाबाद लखनऊ उम्र करीब 39 वर्ष

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 राजेश कुमार थाना अमीनाबाद लखनऊ
2. उ0नि0 सत्यपाल सिंह थाना अमीनाबाद लखनऊ
3. का0 गगन सिंह थाना अमीनाबाद लखनऊ